15 जनवरी 2026
गुरुवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




घरेलु विवाद में महिला ने तीन बच्चों के साथ खाया जहरीला पदार्थ, एक की मौत, अन्य इलाजरत

2


आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ


## एक नजर

### हरियाणा में फर्जी चालान-ट्रक की रसीद से 5000 करोड़ के लेनदेन

**नई दिल्ली।** सुमाया समूह और उसके सहयोगियों ने 'नीड टू फीड' कार्यक्रम की आड़ में हरियाणा सरकार का फर्जी अनुबंध तैयार किया। इसका मकसद, धन और व्यापार वित्तपोषण प्राप्त करना था। इस तरह उन्होंने गैर-मौजूद व्यावसायिक गतिविधियों को वास्तविक कारोबार के रूप में प्रदर्शित किया। ईडी की जांच से पता चलता है कि सुमाया समूह की संस्थाओं द्वारा प्राप्त धन को उशिक गाला द्वारा एक एजेंट के माध्यम से दिल्ली और हरियाणा स्थित फर्जी कृषि व्यापारी संस्थाओं को हस्तांतरित किया गया। इससे वास्तविक खरीद का झूठा प्रदर्शन किया गया। वास्तव में कोई कृषि खरीद नहीं हुई। फर्जी चालान/ट्रक रसीदों से 5000 करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया। जाँच एजेंसी के मुताबिक, इसमें से केवल दस फीसदी ही वास्तविक काम हुआ तो बाकी फजीर्वाड़े की भेंट चढ़ गया।

### संसद में सावरकर की तस्वीर के खिलाफ अर्जी पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संसद भवन और अन्य सार्वजनिक स्थानों से विनायक दामोदर सावरकर की तस्वीर हटाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने सेवानिवृत्त भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी बी बालमुरुगन को फटकार लगाते हुए भारी जुमार्ना लगाने की चेतावनी भी दी। याचिका में अनुरोध किया गया था कि संसद के सेंट्रल हॉल और अन्य सरकारी परिसरों से सावरकर की तस्वीर हटाई जाए। साथ ही याचिका में यह भी आग्रह किया गया था कि सरकार उन व्यक्तियों को सम्मानित न करे, जिन पर हत्या या राष्ट्रविरोधी गतिविधियों जैसे गंभीर आरोप लगे हों और जिन्हें अदालत से बरी नहीं किया गया हो। उन्होंने याचिकाकर्ता से कहा कि वह एक लाख रुपये तक का जुमार्ना भुगतने को तैयार रहें या याचिका वापस ले लें। इसके बाद बालमुरुगन ने याचिका वापस ले ली।

# तमिल संस्कृति पूरे भारत की विरासत : पीएम मोदी

- पोंगल पर्व प्रकृति, परिवार और समाज के बीच संतुलन स्थापित करता है
- गौ सेवा से सुख-समृद्धि, मन की शांति, पापों का नाश होता है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोंगल का त्योहार मनाया है। इस मौके पर पीएम मोदी केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पहुंचे और वहां सभी रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों को पोंगल की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति, परिवार और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाता है। पीएम मोदी ने इस त्योहार के मौके पर तमिल रीति-रिवाजों से पूजा की। इसके बाद गाय और गाय के बछड़े को चारा खिलाया और उनकी भी माला पहनाकर पूजा की। प्रधामंत्री ने इस त्योहार के महत्व को बताते हुए कहा कि यह त्योहार (पोंगल) प्रकृति, परिवार और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाता है। इस समय देश के विभिन्न हिस्सों में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और अन्य त्योहारों को लेकर उत्साह का माहौल है। भारत और दुनिया भर में रहने वाले सभी तमिल भाइयों और बहनों को मेरी ओर से पोंगल और सभी त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने पोंगल के पर्व पर कहा कि मेरे लिए यह भी एक बहुत सुखद अनुभव रहा कि पिछले वर्ष मुझे तमिल संस्कृति से संबंधित कई कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला। मैंने तमिलनाडु के हजार वर्ष पुराने गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में पूजा-अर्चना की। वाराणसी में काशी तमिल संगम के दौरान, मैं हर पल सांस्कृतिक एकता की ऊर्जा से जुड़ा रहा।

### पोंगल में गौ सेवा का महत्व

शास्त्रों में गौ सेवा परम धर्म माना जाता है क्योंकि गाय को माता स्वरूप पूजनीय माना गया है, जिसमें सभी देवी-देवताओं का वास होता है, और इसकी सेवा से सुख-समृद्धि, मन की शांति, पापों का नाश होता है, तथा यह जैविक खेती और पर्यावरण के लिए भी उपयोगी है। जिससे मानव जीवन का उत्थान होता है। यही वजह है कि पोंगल में गौ सेवा को विशेष स्थान दिया गया है। पोंगल दक्षिण भारत में धूमधाम से मनाया जाने वाला चार दिवसीय फसल उत्सव है। इसमें भोगी पोंगल में घर की सफाई, पुराने, खराब और उपयोग में न आने वाले सामान को बाहर निकाल दिया जाता है। फिर थाई पोंगल में सूर्य की पूजा की जाती है। अच्छी फसल की खुशी में भोग के रूप में मिट्टी के बर्तन में चावल की खीर बनाई जाती है। मट्टू पोंगल में खेतों और कृषि में उपयोग होने वाले उपकरण और पशुओं जैसे गाय-बैल की सेवा की जाती है। इनका आभार व्यक्त किया जाता है। कानुम पोंगल में इस दिन खुले में हल्दी के पत्तों पर सुपारी, गन्ने का रस और पोंगल पकवान रखा जाता है। इस अवसर पर लोग अपने परिवार और रिश्तेदारों से मिलने जाते हैं।

# थाईलैंड में 22 यात्रियों की दर्दनाक मौत, 30 घायल

**एजेंसी। बैंकॉक**

थाईलैंड में एक बड़ा हादसा हो गया है राजधानी बैंकॉक से थाईलैंड के पूर्वोत्तर प्रांत जा रही एक ट्रेन उस समय पटरी से उतर गई जब एक क्रेन उसके ऊपर गिर गई पुलिस ने कहा कि इस बड़े हादसे में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 30 घायल हो गऐ यह दुर्घटना बुधवार, 14 जनवरी की सुबह बैंकॉक से 230 किमी दूर नाखोन रत्चासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हुई एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएफपी से इस बात की पुष्टि की है कि हादसे में "22 लोग मारे गए और 30 से अधिक घायल हो गऐ ट्रेन थाईलैंड के उबोन रतचथानी प्रांत के लिए जा रही थी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक क्रेन हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट पर काम कर रही थी तभी वह ढह गई और गुजरती ट्रेन के ठीक उपर गिर गई इससे ट्रेन पटरी से उतर गई और कुछ देर के लिए उसमें आग लग गई बचाव कार्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आयो जिसमें वहां पहुंचे बचावकर्मी घायल लोगों को बचाने के लिए ट्रेन के मलबे को काटते हुए दिख रहे हैं थाईलैंड के परिवहन मंत्री फिफाट रत्चाकिटप्रकर्ण ने कहा कि ट्रेन में 195 लोग सवार थे और अधिकारी मृतकों की पहचान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं इस क्रेन का उपयोग थाईलैंड में हाई-स्पीड रेल नेटवर्क बनाने के लिए 5.4 बिलियन डॉलर के प्रोजेक्ट में किया जा रहा था।

## पाबंदियां 21 जनवरी से लागू होगा और अनिश्चित काल तक लागू रहेगा

# रूस-ईरान समेत 75 देशों को वीजा नहीं देगा अमेरिका





**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका ने बुधवार को 75 देशों से आने वाले आवेदकों के वीजा प्रोसेसिंग को पूरी तरह रोक दिया। ट्रंप प्रशासन के इस कदम के पीछे का वजह उन आवेदकों पर कड़ी नजर बनाए रखना है, जिन्हें अमेरिका में पब्लिक चार्ज (सरकारी सहायता पर निर्भर) बन जाने की संभावना मानी जा रही है। ट्रंप प्रशासन ने जिन देशों पर रोक लगाई है उसमें ईरान, रूस, अफगानिस्तान, इराक, नाइजीरिया और ब्राजील जैसे नाम शामिल हैं। ये पाबंदियां 21 जनवरी से लागू होगा और अनिश्चित काल तक लागू रहेगा। फॉक्स न्यूज के अनुसार, इस ज्ञापन में अमेरिकी दूतावासों को मौजूदा कानून के तहत वीजा देने से इनकार करने का निर्देश दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पिछले साल जनवरी में पदभार संभालने के बाद से चलाए जा रहे व्यापक इमिग्रेशन कैंपेन अभियान के बीच आया है। अमेरिका का विभाग अब वीजा स्क्रीनिंग और जांच की प्रक्रियाओं का पुनर्मूल्यांकन करेगा। ट्रंप प्रशासन ने जिन देशों के नागरिकों की एंट्री पर अमेरिका ने बैन लगाया है. उस लिस्ट में सोमालिया, मिस्त्र, थाईलैंड और यमन भी शामिल हैं। सोमालिया पहले से अमेरिकी अधिकारियों की कड़ी निगरानी में है। इस लिस्ट में आतंकियों का पनाहगार पाकिस्तान भी शामिल है।

### स्क्रीनिंग नियम हुआ लागू

ट्रंप प्रशासन ने पिछले नवंबर में दुनियाभर के अपने दूतावासों को इमिग्रेशन कानून के पब्लिक चार्ज प्रावधान के तहत नए स्क्रीनिंग नियमों को लागू करने का निर्देश दिया था। इसके तहत उन आवेदकों को वीजा देने से मना किया जाता है, जिनके पब्लिक बेनिफिट्स पर निर्भर रहने की संभावना है। इसमें हेल्थ, एज, अंग्रेजी एफिशिएंसी और यहां तक कि लॉन्ग टर्म की मेडिकल देखभाल की संभावित जरूरत पर विचार किया जाएगा।

### अब 55 देशों में वीजा फ्री घूम सकेंगे भारतीय

भारतीय पासपोर्ट धारक अब 55 देशों में वीजा फ्री एंट्री, वीजा ऑन अराइवल या इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइजेशन के साथ सफर कर सकते हैं। पिछले साल यह संख्या 57 थी, लेकिन अब रैंक में सुधार हुआ है। भारतीय पासपोर्ट की यह रैंकिंग पिछले कुछ सालों में स्थिर या गिरावट के बाद सुधार का संकेत है। 2006 में भारत 71वें स्थान पर था, लेकिन बाद में गिरावट आई. अब यह मिड-टियर में है।

### किस देश के पास टॉप रैंकिंग पासपोर्ट है

सिंगापुर का पासपोर्ट सबसे पावरफुल है, जिसे 192 देशों में वीजा फ्री एक्सेस है। जापान और साउथ कोरिया दूसरे नंबर पर है, जिसे 188 देशों में एंट्री मिली है.। डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, स्पेन और लक्जमबर्ग तीसरे स्थान पर हैं, जिसे 186 देशों में एक्सेस है। यूएई ने 5वें स्थान पर पहुंचकर सबसे मजबूत प्रदर्शन किया, 2006 से 57 पायदान ऊपर चढ़ा और अब 149 देशों में एक्सेस है। इस रैंकिंग में अमेरिकी पासपोर्ट 10वें पायदान पर लौटा है, जिसे 179 देशों में वीजा फ्री एंट्री है। पिछले साल अमेरिका टॉप-10 की लिस्ट से बाहर हो गया था और 12वें पायदान पर पहुंच गया था। वहीं, पाकिस्तान (98) और बांग्लादेश 95वे पायदान पर हैं। सबसे कमजोर पासपोर्ट अफगानिस्तान का है, जिसे 101वां स्थान मिला है।

# महाराष्ट्र में लागत बढ़ने से 40 हजार करोड़ की परियोजनाएं रद्द

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि लागत में भारी बढ़ोतरी के कारण करीब 40,000 करोड़ रुपये की इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं रद्द कर दी गई हैं। एक मराठी अखबार को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि हालात बदलने और खर्च बढ़ने से ये प्रोजेक्ट अब आर्थिक रूप से सही नहीं रह गए थे। इसलिए पूरी सोच-समझकर इन्हें रोकने का फैसला लिया गया।फडणवीस ने बताया कि सरकार ने शहरी विकास विभाग के पुराने प्रस्तावों की समीक्षा की। इसमें पाया गया कि नए नियमों और आर्थिक बोझ को देखते हुए कई प्रोजेक्ट्स पर फिर से विचार करना जरूरी है। उन्होंने यूनिफाइड डेवलपमेंट कंट्रोल एंड प्रमोशन रेगुलेशंस (यूडीसीपीआर) का जिक्र करते हुए कहा कि विसंगतियों को दूर करने के लिए बदलाव जरूरी थे। उन्होंने साफ किया कि जनता का पैसा सही जगह लगे, यह उनकी जिम्मेदारी है और प्रोजेक्ट्स को मनमाने ढंग से नहीं रोका गया है।मामले में अब इस मुद्दे पर राजनीति भी तेज हो गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री जानबूझकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शहरी विकास विभाग को निशाना बना रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि यह कोई छोटा मतभेद नहीं, बल्कि महायुति सरकार में पड़ी एक बड़ी दरार है।कांग्रेस नेता सचिन सावंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि चुनाव प्रचार खत्म होते ही मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्रियों पर कुप्रबंधन के आरोप लगा रहे हैं।

# कलकत्ता हाईकोर्ट ने की टीएमसी की याचिका निस्तारित

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी से जुड़े विवाद पर कलकत्ता हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। ऐसे में बुधवार को सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीएमसी की उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें पार्टी की ओर से गोपनीय राजनीतिक डेटा की सुरक्षा की मांग की थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को टीएमसी की उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें उसने अपने डेटा की सुरक्षा की मांग की थी। न्यायालय ने कहा कि ईडी ने सूचित किया है कि उसने पिछले सप्ताह (08 जनवरी) की छापेमारी के दौरान आई-पैक डायरेक्टर प्रतीक जैन के कार्यालय और घर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। टीएमसी ने अदालत में याचिका दायर कर 8 जनवरी को इन दोनों परिसरों पर ईडी द्वारा की गई छापेमारी के दौरान जब्त किए गए व्यक्तिगत और राजनीतिक डेटा के संरक्षण का आदेश देने की मांग की थी। ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने अदालत के समक्ष कहा कि एजेंसी ने इन दोनों परिसरों से कुछ भी जब्त नहीं किया है। टीएमसी की याचिका का निपटारा करते हुए न्यायमूर्ति सुव्रा घोष ने टिप्पणी की कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत दलीलों को देखते हुए पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा दायर इस याचिका में आगे विचार करने के लिए कुछ भी शेष नहीं बचा है।








# बनारपुर पंचायत में आवास सर्वे पर सख्ती, गड़बड़ी पर जीरो टॉलरेंस



**केटी न्यूज/चौसा**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बनारपुर पंचायत में कराए गए आवास सर्वे को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सख्त मोड में नजर आ रहा है। सर्वे में संभावित गड़बड़ियों और अपात्र लाभुकों की आशंका को देखते हुए जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के निदेशक अरविंद कुमार सिंह ने खुद मौके पर पहुंचकर जांच की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट संकेत दे दिया कि अब आवास योजना में किसी भी स्तर की लापरवाही या हेराफेरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बनारपुर पंचायत में कुल 564 परिवारों का आवास सर्वे किया गया है। डीआरडीए निदेशक ने सर्वे सूची, लाभुकों के दस्तावेज, पारिवारिक स्थिति और आवास की वास्तविक जरूरत की गहन पड़ताल की। उन्होंने मौके पर मौजूद आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक और संबंधित कर्मियों से एक-एक बिंदु पर जवाब तलब किया।

**अपात्रों को लाभ देने पर सख्त कार्रवाई के संकेत**

अरविंद कुमार सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील योजनाओं में से एक है। इसमें यदि किसी अपात्र व्यक्ति को लाभ दिया गया या वास्तविक जरूरतमंद को वंचित किया गया, तो जिम्मेदार कर्मियों पर सख्त कार्रवाई तय है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन परिवारों की स्थिति संदिग्ध है, उनका भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि किसी तरह की शिकायत की गुंजाइश न रहे।

**आवास और मनरेगा के तालमेल पर जोर**

मनरेगा निदेशक प्रशांत कुमार ने निरीक्षण के दौरान कहा कि आवास योजना और मनरेगा के बीच बेहतर समन्वय बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिया कि आवास निर्माण से जुड़े कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और नियमानुसार पूरे किए जाएं, ताकि लाभुकों को समय पर पक्के मकान का लाभ मिल सके।

**शिकायतों के निष्पक्ष निपटारे का भरोसा**

प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज पासवान ने बताया कि सर्वे के दौरान जिन परिवारों की ओर से आपत्तियां या शिकायतें सामने आई हैं, उनका निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि सही लाभुक तक योजना का लाभ पहुंचाना है।

**जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील**

निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मियों से अपील की कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी ईमानदारी से सहयोग करें। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब आवास योजना में ढिलाई नहीं, बल्कि सख्ती और पारदर्शिता ही प्राथमिकता होगी।

## एक नजर

### चौसा ताप विद्युत परियोजना का सदर विधायक ने किया निरीक्षण, दो वर्षों में पूर्ण संचालन का दिया आश्वासन



**बक्सर।** सदर विधायक आनन्द मिश्र ने बुधवार को चौसा ताप विद्युत परियोजना परिसर में चल रहे विभिन्न विकासात्मक एवं निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की वर्तमान प्रगति की विस्तृत जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों से कार्य की स्थिति, आ रही चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर गहन चर्चा की। निरीक्षण के क्रम में सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एसजेवीएन) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा विधायक को यह आश्वासन दिया गया कि चौसा ताप विद्युत परियोजना को आगामी दो वर्षों के भीतर पूर्ण रूप से चालू कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के लिए आवश्यक मानव संसाधन, तकनीकी सुविधाएं और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्य की गति को तेज करने के लिए निरंतर निगरानी भी की जा रही है। सदर विधायक ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चौसा ताप विद्युत परियोजना बक्सर जिला ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह परियोजना न केवल बिजली उत्पादन को सुदृढ़ करेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में यह परियोजना एक मजबूत कदम साबित होगी। विधायक श्री मिश्र ने यह भी स्पष्ट किया कि परियोजना से जुड़े श्रमिकों, कर्मचारियों और क्षेत्रवासियों के हितों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में वे इस परियोजना से जुड़े लोगों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप समादेष्टा, कंपनी के मानव संसाधन विभाग के अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने विधायक को परियोजना की प्रगति से अवगत कराया और कार्य को समय पर पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### दक्षिण टोला से 17 बोरी कुट्टी चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के दक्षिण टोला में हुई कुट्टी (पशुचारा) चोरी की घटना का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में दक्षिण टोला निवासी संजय प्रसाद, पिता स्वर्गीय लालू प्रसाद ने डुमरांव थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि बीती रात उनके घर से 17 बोरी कुट्टी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छानबीन शुरू की। जांच के दौरान संदेह के आधार पर ग्राम दक्षिण टोला निवासी धीरज राय, पिता जनार्दन राय के घर पर छापेमारी की गई, जहां से चोरी गई 17 बोरी कुट्टी बरामद कर ली गई। पुलिस ने मौके से आरोपी धीरज राय को गिरफ्तार कर लिया।

# घरेलु विवाद में महिला ने तीन बच्चों के साथ खाया जहरीला पदार्थ, एक की मौत, अन्य इलाजरत

- **पहले पहुंची थी पुलिस, फिर भी नहीं बच पाई जान, सिस्टम की खामोशी पर उठे सवाल**



**केटी न्यूज/बक्सर**

राजपुर थाना क्षेत्र के रसेन गांव में हुई एक हृदयविदारक घटना में एक मासूम की मौत हो गई है, जबकि उसकी मां तथा दो भाई जहरीले पदार्थ के असर से जीवन व मौत से जूझ रहे है। उनका सदर अस्पताल में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि महिला ने घरेलु विवाद में अपने तीन बच्चों के साथ खेत में डालने वाला कीटनाशक खा लिया है।

जानकारी के अनुसार रसेन गांव निवासी स्व. राजकुमार चौहान की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी रूबी देवी की शादी घरवालों ने उसके देवर जितेन्द्र चौहान से करा दी थी। रूबी के तीन बच्चे थे तथा देवर से दूसरी शादी के बाद भी उसकी समस्याएं कम नहीं हुई थी, बल्कि घरेलु विवाद के कारण वह अवसाद में चल रही थी। मंगलवार को उसके अवसाद को देखते हुए घरवालों को किसी अनहोनी की आशंका हुई तथा उसके घरवाले स्थानीय पुलिस को भी सूचना दिए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने रूबी को समझाया भी था, लेकिन उसका कुछ असर उस पर नहीं हुआ तथा बुधवार को उसने बच्चों के साथ खेत में छिड़काव करने वाला कीटनाशक पी लिया, जिससे थोड़ी देर में ही सबकी हालत खराब होने लगी। जिसके बाद घरवाले सभी को लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया, वहीं अन्य तीनों की हालत भी नाजूक बनी हुई है।

इस घटना के बाद जहां पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में कई तरह की चचाएं हो रही है। ग्रामीण सूत्रों की मानें तो रूबी देवी अपने परिवारिक हालात को लेकर लंबे समय से मानसिक दबाव में थीं। पति की मृत्यु के बाद दूसरा विवाह, जिम्मेदारियों का बोझ और आए दिन के घरेलू विवाद, इन सबने स्थिति को लगातार बिगाड़ा। अहम बात यह है कि घटना से एक रात पहले ही तनाव चरम पर था और आशंका की सूचना पुलिस तक पहुंची थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बाद भी हालात पर स्थायी निगरानी नहीं हो सकी।

बुधवार दोपहर परिवार के अन्य सदस्य व्यस्त थे, उसी दौरान स्थिति अचानक गंभीर हो गई। परिजन जब तक कुछ समझ पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आनन-फानन में सभी को स्वास्थ्य केंद्र और फिर सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया। अन्य तीन का इलाज जारी है।

### घटना के बाद उठ रहे है कई सवाल

इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जब खतरे की आशंका पहले ही जताई जा चुकी थी, तो क्या सिर्फ पुलिस द्वारा समझाना ही पर्याप्त था, क्या परिवार को काउंसलिंग, महिला एवं बाल संरक्षण इकाइयों या सामाजिक सहायता से जोड़ने की जरूरत नहीं थी। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों में पुलिस, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण तंत्र के बीच समन्वय बेहद जरूरी है। फिलहाल पुलिस ने मामले की सूचना दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में मातम पसरा है और परिजन सदमे में हैं।

# राजपुर में शराब तस्करों पर पुलिस का बड़ा प्रहार, फॉर्च्यूनर छोड़ भागे माफिया, 555 लीटर विदेशी शराब जब्त

- **गुप्त सूचना पर तड़के घेराबंदी, सरेंजा रोड बना चेकिंग प्वाइंट, फरार तस्करों की तलाश तेज**



**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र में शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चौबे की छावनी सरेंजा रोड पर लालमन डेरा गांव के समीप बुधवार तड़के एक फॉर्च्यूनर गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान तस्कर गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए, जबकि पुलिस ने मौके से कुल 555 लीटर महंगी विदेशी शराब जब्त कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार, राजपुर पुलिस को अहले सुबह गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सरेंजा रोड के रास्ते शराब की बड़ी खेप ले जाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना अध्यक्ष निवास कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम ने तत्काल वाहन जांच अभियान शुरू किया। पुलिस ने रणनीति के तहत लालमन डेरा गांव के पास सड़क पर ट्रैक्टर खड़ा कर अस्थायी चेकिंग प्वाइंट बनाया और आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी।

इसी दौरान एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर गाड़ी गांव के समीप पहुंची। पुलिस की मौजूदगी भांपते ही चालक ने अचानक वाहन रोक दिया और गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गाड़ी को अपने कब्जे में लिया और तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन के अंदर रखे गए कई कार्टूनों से विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद हुई, जिसे देख पुलिस भी हैरान रह गई।

कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शराब की खेप और तस्करी में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर गाड़ी को जब्त कर थाना लाया गया। थाना अध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि इस सफल अभियान में एसआई सुभाष कुमार, प्रमोद कुमार, एएसआई अजय प्रसाद सहित अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब माफियाओं के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

पुलिस अब जब्त वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर और अन्य सुरागों के आधार पर फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है। इस कार्रवाई से इलाके में शराब तस्करों में हड़कंप मच गया है, वहीं पुलिस की सक्रियता से आम लोगों ने राहत की सांस ली है।

# केशोपुर में मिला 12 फीट का अजगर, चर्चित रेस्क्यूअर हरिओम ने किया रेस्क्यू, बना कौतूहल

- **बांध के पास घर में घुसा विशाल अजगर, रेस्क्यू के दौरान उमड़ा गांव, जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया**



**केटी न्यूज/सिमरी**

बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड अंतर्गत केशोपुर गांव में बुधवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बांध के समीप एक घर में विशाल अजगर दिखाई दिया। करीब 12 फीट लंबा और लगभग 15 किलो वजनी यह अजगर अब तक जिले में रेस्क्यू किया गया सबसे बड़ा सांप बताया जा रहा है। अचानक घर के नजदीक इतने बड़े अजगर के नजर आने से ग्रामीणों में भय और कौतूहल दोनों का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही प्रसिद्ध सर्प रेस्क्यूअर हरिओम चौबे को बुलाया गया। मौके पर पहुंचते ही उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और पूरी सतर्कता के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू किया। अजगर की ताकत और आकार को देखते हुए रेस्क्यू आसान नहीं था। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित काबू में कर लिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा रहे और रेस्क्यू की हर गतिविधि पर नजर बनाए रहे। रेस्क्यू के बाद अजगर को वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ने की प्रक्रिया अपनाई गई। हरिओम चौबे ने बताया कि यह अजगर बेहद शक्तिशाली प्रजाति का है और गंगा तटीय इलाकों में इसकी मौजूदगी नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इस आकार का अजगर पशुओं के लिए खतरनाक हो सकता है, इसलिए आबादी वाले क्षेत्रों में इसके दिखने पर घबराने के बजाय तुरंत विशेषज्ञों को सूचना देनी चाहिए.इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि गंगा किनारे बसे गांवों में वन्यजीवों की आवाजाही क्यों बढ़ रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव, प्राकृतिक आवास में बदलाव और भोजन की तलाश के कारण ऐसे जीव आबादी की ओर आ जाते हैं.ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गंगा तटीय इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि लोग ऐसे हालात में सही कदम उठा सकें। केशोपुर में रेस्क्यू किया गया यह अजगर फिलहाल चर्चा का विषय बना हुआ है और जिले के वन्यजीव इतिहास में एक दुर्लभ घटना के रूप में दर्ज हो गया है।

# सड़क सुरक्षा माह : डीएम साहिला ने दिखाई हरी झंडी जागरूकता का संदेश लेकर सड़कों पर उतरा प्रचार वाहन

- **सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, जीवन रक्षा का संकल्प है : जिलाधिकारी**




**केटी न्यूज/बक्सर**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत एक अहम पहल की गई। बुधवार 6 को बक्सर समाहरणालय परिसर से जिलाधिकारी साहिला ने जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी प्रभावी बना दिया।

प्रचार वाहन को रवाना करते हुए जिलाधिकारी साहिला ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज के हर व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि थोड़ी-सी सावधानी और नियमों का पालन कर हम अनमोल जिंदगियों को बचा सकते हैं।

-- यातायात नियमों के पालन पर जोर

अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा के पालन, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाने और नशे की हालत में ड्राइविंग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं मानवीय लापरवाही का परिणाम होती हैं, जिन्हें जागरूकता और अनुशासन से रोका जा सकता है।

### जिले भर में गूंजेगा सुरक्षा का संदेश

प्रचार वाहन जिले के प्रमुख मार्गों, चौराहों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों से होकर गुजरेगा। इस दौरान माइकिंग, पोस्टर, बैनर और पंपलेट के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। वहीं, ह्लसड़क सुरक्षा-जीवन रक्षाह्व, ह्लहेलमेट पहनें, सुरक्षित रहेंह्व और ह्लयातायात नियमों का पालन करेंह्व जैसे प्रेरक संदेशों के जरिए लोगों को सतर्क किया जाएगा।

### प्रशासन की अपील, नियम अपनाएं, जीवन बचाएं

कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की कि वे न केवल स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। प्रशासन का मानना है कि जब तक आमजन की भागीदारी नहीं होगी, तब तक सड़क सुरक्षा अभियान को पूरी सफलता नहीं मिल सकती।

### अधिकारियों की रही सक्रिय सहभागिता

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त बक्सर, अपर समाहर्ता बक्सर, जिला परिवहन पदाधिकारी बक्सर, परिवहन विभाग के कर्मी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा माह को जन-आंदोलन का रूप देने की प्रतिबद्धता जताई। सड़क सुरक्षा माह के तहत शुरू किया गया यह अभियान न केवल जागरूकता फैलाने का माध्यम बनेगा, बल्कि लोगों को यह याद दिलाएगा कि सड़क पर हर नियम, हर संकेत और हर सावधानी सीधे जीवन से जुड़ी हुई है।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

# डी.के. मेमोरियल कॉलेज में एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, विधायक आनन्द मिश्र ने किया उद्घाटन

- **खेल भावना और अनुशासन का दिया संदेश, युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डी.के. मेमोरियल कॉलेज, डुमरी परिसर में जे.एस. ग्लोबल के तत्वावधान में आयोजित एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पूरे उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, वहीं बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी ने आयोजन को यादगार बना दिया। खेल मैदान में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि और उद्घाटनकर्ता के रूप में बक्सर सदर के विधायक आनन्द मिश्र उपस्थित रहे। उन्होंने विधिवत रूप से प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि युवाओं के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी साबित होता है। कार्यक्रम के दौरान विधायक आनन्द मिश्र ने यह भी कहा कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को नशा और गलत रास्तों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देती हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि विधायक आनन्द मिश्र स्वयं लंबे समय से खेलकूद से जुड़े रहे हैं। क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल और कराटे जैसे खेलों में उनकी अच्छी पकड़ रही है। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने स्वयं मैदान में उतरकर बल्लेबाजी की और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। विधायक को खेलते देख युवाओं में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन, युवा मोर्चा अध्यक्ष अविनाश पाण्डे तथा पार्टी नेता प्रदीप राय की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए आयोजकों को बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह बना रहा। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजनों से क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूती मिलेगी और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

## डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार के नेतृत्व में गठित टीम को मिली सफलता, सिमरी के रहने वाले है तस्कर, पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस

# नया भोजपुर से 22 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, एसपी ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी, दो वाहन जब्त



### तस्करों के नेटवर्क को खंगालने में जुटी पुलिस

इस सफलता के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के आधार पर तस्करी के इस खेल में शामिल अन्य तस्करों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस गिरोह में शामिल अन्य तस्करों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा तथा तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा। एसपी ने बताया कि तस्करों से कई अहम जानकारी हाथ लगी है।

### पिछले सप्ताह नया भोजपुर पुलिस ने पकड़ी थी 60 लाख की शराब

बता दें कि नया भोजपुर पुलिस हाल के दिनों में तस्करों के खिलाफ काफी सफल रही है। पिछले सप्ताह नया भोजपुर पुलिस ने 60 लाख रूपए मूल्य की शराब के साथ राजस्थान के दो तस्करों को पकड़ा था। इसके अलावे भी हाल के दिनों में नया भोजपुर पुलिस ने शराब की कई बड़ी खेप पकड़ी है। वहीं, अब गांजा की खेप पकड़े जाने के बाद महकमे में नया भोजपुर थाने की तारीफ हो रही है।

**केटी न्यूज/बक्सर**

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चला रही पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी शुभम आर्य को मिले गुप्त सूचना के बाद डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने नया भोजपुर ओवरब्रिज के समीप से तस्करों को मादक पदार्थो की खेप के साथ रंगेहाथ पकड़ने में सफलता पाई है। इस दौरान पुलिस ने एक हुंडई कार, एक टेम्पो तथा दो मोबाईल फोन के साथ दो तस्करों को पकड़ा है।

पकड़े गए दोनों तस्करों की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के स्थानीय दुधीपट्टी गांव निवासी अखिलेश कुमार यादव पिता विद्यासागर यादव व हरेन्द्र माली पिता चनालाल माली के रूप में हुई है। बरामद गांजा की कीमत लाखों रूपए आंकी जा रही है। बुधवार को एसपी शुभम आर्य ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो तस्कर नया भोजपुर ओवर ब्रिज के समीप मादक पदार्थो की खेप को लेकर आने वाले है। इस सूचना पर तत्काल डुमरांव एसडीपीओ पोलस्त कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार, अपर थानाध्यक्ष सुमन कुमार तथा नया भोजपुर थाने के सशस्त्र बल को शामिल किया गया था।

यह टीम जैसे ही ओवरब्रिज के समीप पहुंची कि वहां कुछ लोग एक हुंडई कार से गांजा की खेप को एक टेम्पो पर लाद रहे थे। इसी दौरान पुलिस टीम वहां पहुंच गई। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने दौड़ाकर अखिलेश व हरेन्द्र को पकड़ लिया, जबकि अन्य मौके का फायदा उठा भाग निकले।

पुलिस टीम ने जब दोनों वाहनों की जांच की तो उसमें से 22 किलोग्राम गांजा जैसा पदार्थ बरामद हुआ, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार करने के साथ ही पुलिस ने मौके से सफेद रंग की एक कार, एक टेम्पो तथा दो मोबाईल फोन जब्त कर थाने लाई। एसपी ने बताया कि मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ यह पुलिस की बड़ी कामयाबी है।

## एक नजर

### मकर संक्रांति पर संवेदना और सेवा का संगम, मंगराव पंचायत में कंबल वितरण से खिले जरूरतमंदों के चेहरे



**राजपुर।** कड़ाके की ठंड के बीच मकर संक्रांति का पर्व मंगराव पंचायत के लिए सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार का प्रतीक बनकर सामने आया। रामलीला मैदान परिसर में आयोजित कंबल वितरण समारोह ने जरूरतमंदों के जीवन में कुछ पल की गर्माहट और भरोसे की लौ जलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिबोधन राय ने की, जबकि संचालन की जिम्मेदारी अमरेंद्र पांडेय ने संभाली। समारोह के मुख्य अतिथि पंचायत के मुखिया आनंद प्रकाश सिंह उर्फ पप्पू सिंह रहे, जिन्होंने पंचायत के विभिन्न गांवों से आए लगभग 300 गरीब, असहाय और वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर संतोष और राहत साफ झलक रही थी।मुखिया आनंद प्रकाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि समाज सेवा कोई औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि आत्मिक संतोष का माध्यम है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष यह आयोजन किया जाता है, ताकि ठंड के मौसम में कोई भी व्यक्ति असहाय महसूस न करे। इस वर्ष भी ग्रामीणों के सहयोग से यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामीण जनार्दन पांडेय ने कहा कि माघ महीने में जरूरतमंदों को कंबल दान करना सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है और ऐसे आयोजन समाज में आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। समारोह में ओम प्रकाश पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, दिवाकर पांडेय, मुन्ना राय सहित कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह, सहयोग और मानवीयता का भाव देखने को मिला, जिसने मकर संक्रांति के संदेश को सार्थक कर दिया।

### डिजिटल दौर में उपभोक्ता बनेगा सशक्त, बक्सर में अधिकारों की अलख जगाएंगे डॉ. श्रवण कुमार तिवारी

**बक्सर।** अब ठगे जाने पर उपभोक्ता को चुप रहने की जरूरत नहीं होगी। डिजिटल तकनीक और सरकारी पहलों के सहारे उपभोक्ता अपने अधिकारों की रक्षा खुद कर सकेगा। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के संकेत पटना में आयोजित एकदिवसीय उपभोक्ता संरक्षण कार्यशाला से मिले, जिसमें बक्सर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य डॉ. श्रवण कुमार तिवारी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आयोजित इस कार्यशाला में पूर्वी भारत के विभिन्न राज्यों से आए विशेषज्ञों, अधिकारियों और उपभोक्ता प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य फोकस डिजिटल माध्यमों के जरिए उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी निपटारे पर रहा। ई-जागृति पोर्टल, मोबाइल ऐप और राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आज के ऑनलाइन और डिजिटल बाजार में उपभोक्ताओं के सामने नई तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि उपभोक्ता अपने अधिकारों को जानें और उपलब्ध शिकायत निवारण साधनों का सही उपयोग करें। वक्ताओं ने उपभोक्ता शिक्षा, जागरूकता अभियान और तकनीक आधारित समाधान को उपभोक्ता संरक्षण की रीढ़ बताया। कार्यशाला से लौटने के बाद डॉ. श्रवण कुमार तिवारी ने बक्सर जिले में उपभोक्ता जागरूकता को नई दिशा देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जागृति ऐप और उपभोक्ता शिकायत नंबर 1915 को गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। डॉ. तिवारी के अनुसार इन डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपभोक्ता घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और समयबद्ध समाधान प्राप्त कर सकते हैं।उन्होंने विश्वास जताया कि यदि इन सुविधाओं का सही प्रचार-प्रसार किया जाए, तो बक्सर जिले में उपभोक्ता न सिर्फ जागरूक होंगे, बल्कि अपने अधिकारों के प्रति आत्मविश्वास से भरे भी नजर आएंगे। यह पहल आने वाले समय में उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत आधार देने वाली साबित हो सकती है।

## मकर संक्रांति पर बक्सर के आध्यात्मिक भविष्य को लेकर मंथन, वामन नगरी के संरक्षण पर जोर

**केटी न्यूज/बक्सर**

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बुधवार को बक्सर के बाइपास रोड स्थित एक निजी होटल में भगवान वामन चेतना मंच के तत्वावधान में उत्सव सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बक्सर की आध्यात्मिक पहचान को सुदृढ़ करना और इसे राष्ट्रीय धार्मिक मानचित्र पर स्थापित करने को लेकर व्यापक विमर्श करना रहा। संगोष्ठी की अध्यक्षता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने की, जबकि संचालन प्रमोद कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए प्रकाश पांडेय ने कहा कि भगवान वामन की जन्मस्थली बक्सर की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करते हुए यदि पंचकोसी कॉरिडोर जैसे भव्य धार्मिक परियोजना का निर्माण किया जाए तो इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बक्सर को अब तक वह सम्मान नहीं मिल पाया है, जिसका वह धार्मिक दृष्टि से अधिकारी है। संगोष्ठी में बक्सर को ह्लअध्यात्मिक नगरीह्व के रूप में विकसित करने, धार्मिक आयोजनों को संगठित स्वरूप देने तथा भगवान वामन से जुड़ी परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। विशेष रूप से वामन द्वादशी के अवसर पर निकलने वाली भगवान वामन रथयात्रा को और अधिक भव्य एवं जनसहभागिता से युक्त बनाने के लिए व्यापक संपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन के विस्तार, नई टीमों के गठन और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए सभी सदस्यों से सक्रिय योगदान की अपील की। कार्यक्रम के दौरान प्रांतीय एवं शाहाबाद क्षेत्र के लिए नई टीम की घोषणा भी की गई। अंत में भगवान वामन भोग के रूप में दही-चूड़ा का प्रसाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया तथा अतिथियों को भगवान वामन का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

## विश्व पुस्तक मेला में बक्सर के शिक्षक का काव्य पाठ, साहित्यिक मंच पर बढ़ाया मान

- **नई दिल्ली में वाणी प्रकाशन के मंच से विमल कुमार सिंह की कविताओं को मिली सराहना**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में जिले के शिक्षक और कवि विमल कुमार सिंह ने काव्य पाठ कर न केवल अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, बल्कि पूरे जिले का नाम भी राष्ट्रीय साहित्यिक मंच पर रोशन किया। यह गौरवपूर्ण अवसर उन्हें वाणी प्रकाशन द्वारा प्रदान किया गया, जहां देशभर से चुने गए युवा कवियों को अपनी रचनाएं प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।

विश्व पुस्तक मेला के दौरान वाणी प्रकाशन की ओर से आयोजित इस काव्य पाठ कार्यक्रम के लिए पहले देश के विभिन्न हिस्सों से कवियों की रचनाएं आमंत्रित की गई थीं। चयन प्रक्रिया के बाद सीमित कवियों को ही मंच प्रदान किया गया, जिनमें विमल कुमार सिंह का नाम शामिल होना जिले के लिए गर्व की बात रही। वे प्लस टू उच्च विद्यालय लाखन डिहरा में हिंदी के शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं और मूल रूप से भदार के निवासी हैं। साहित्य के गहन अध्येता होने के साथ-साथ उनकी पहचान एक संवेदनशील कवि के रूप में भी है।

### चार रचनाओं का प्रभावशाली पाठ

14 जनवरी को आयोजित काव्य पाठ सत्र में विमल कुमार सिंह ने अपनी चार चर्चित रचनाएं कवि और किसान, खानाबदोश, खोकर तुझे एक दिन और कुत्ते की मौत, प्रस्तुत कीं। उनकी कविताओं में सामाजिक यथार्थ, मानवीय संवेदना और आम जनजीवन की पीड़ा को प्रभावशाली शब्दों में पिरोया गया, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। सभागार में मौजूद साहित्य प्रेमियों ने तालियों के साथ उनकी प्रस्तुति का स्वागत किया। इस अवसर पर वाणी प्रकाशन के प्रबंध निदेशक अरुण माहेश्वरी और हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित कवि एवं इग्नू के कुलसचिव डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव ने विमल कुमार सिंह को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनकी रचनाएं मानवीय संवेदना से ओत-प्रोत हैं और समकालीन समाज की सच्चाइयों को सशक्त ढंग से सामने रखती हैं।

### जिले में खुशी की लहर

इस उपलब्धि पर जिले में खुशी का माहौल है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह राजेंद्र प्रसाद, युवा नेता रामजी सिंह, शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन द्विवेदी सहित जिले के अनेक शिक्षकों और साहित्य प्रेमियों ने विमल कुमार सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वे साहित्य के क्षेत्र में इसी तरह जिले और राज्य का नाम रोशन करते।

## पतंगों के संग उमंग का पर्व, बक्सर में भव्य मकर संक्रांति महोत्सव, संस्कृति, खेल, लोककला का अनूठा संगम

- **सिपाही घाट पर रंग-बिरंगी पतंगों के बीच जिला प्रशासन ने रचा उत्सव का इतिहास**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला प्रशासन बक्सर एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को सिपाही घाट, सेन्ट्रल जेल रोड स्थित गंगा तट पर पतंग महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित इस महोत्सव ने पूरे बक्सर को उत्सवधर्मी माहौल में रंग दिया। रंग-बिरंगी पतंगों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल प्रतियोगिताओं ने लोगों को खूब आकर्षित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी साहिला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने समस्त बक्सर वासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है, जो शुभता, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति को खिचड़ी पर्व के रूप में भी मनाया जाता है, जिसमें चूड़ा-दही, तिल, गुड़ से बने तिलकुट और तिलवा का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान, पूजा-अर्चना और आपसी भाईचारे की परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करती है।

**संस्कृति की रंगीन छटा कलाकारों ने मोहा मन**

महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। एकल नृत्य, समूह नृत्य और मधुर गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिमा साक्षी का एकल नृत्य, ओमकार दुबे, रवि रंजन चौबे, मनीष कुमार पटेल, शुभम कुमार, पायल मलिक, सृष्टि कुमारी और सिद्धार्थ कुमार के गायन ने समां बांध दिया। वहीं राजेश कुमार सिंह, गुरुकुल डांस एकेडमी, हीरो जैक्सन लक्ष्य ग्रुप, एमपी उच्च विद्यालय एवं खेलो इंडिया से जुड़े समूह नृत्य प्रस्तुतियों ने मंच पर ऊर्जा भर दी।

**लोकल हैंडीक्राफ्ट और मुक्ति आउटलेट बना आकर्षण**

महोत्सव के दौरान बक्सर की पारंपरिक कलाकृतियों और हस्तशिल्प के स्टॉल भी लगाए गए। केंद्रीय कारा बक्सर के बंदियों द्वारा निर्मित खाद्य एवं अन्य उत्पादों को मुक्ति आउटलेट के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिला और लोगों को जिले की रचनात्मक क्षमता से रूबरू होने का अवसर मिला।

**खेल प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह**

मकर संक्रांति महोत्सव को और जीवंत बनाने के लिए कबड्डी, खो-खो, हैंडबॉल, रस्सा कस्सी, म्यूजिकल चेयर, बोरा दौड़, स्पून रेस और फ्लैशमोब डांस जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। म्यूजिकल चेयर में सुमन कुमारी प्रथम और बंदना कुमारी द्वितीय रहीं। स्पून रेस, बोरा दौड़, खो-खो, हैंडबॉल और कबड्डी में विभिन्न टीमों एवं खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर पुरस्कार अपने नाम किए।

**प्रशासनिक सहभागिता ने बढ़ाई गरिमा**

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

मकर संक्रांति के इस आयोजन को जिला प्रशासन ने बक्सरवासियों के लिए यादगार बनाने का संकल्प लिया। पतंगों, परंपराओं, खेल और संस्कृति के इस संगम ने न सिर्फ उत्सव का आनंद बढ़ाया, बल्कि बक्सर की पहचान को एक नई ऊंचाई भी।

## लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय की विरासत को याद करने का अवसर बनी पंडित बिंदेश्वरी दूबे की 105वीं जयंती

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय राजनीति में सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की मिसाल रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित बिंदेश्वरी दूबे की 105वीं जयंती बक्सर में लोकतांत्रिक मूल्यों के स्मरण और संकल्प के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेसजनों ने उनके विचारों और संघर्षशील जीवन को आज के दौर के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने की। सभा की शुरूआत पंडित बिंदेश्वरी दूबे के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अपने संबोधन में डॉ. पांडे ने कहा कि पंडित बिंदेश्वरी दूबे



केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाले जननेता थे। उन्होंने सत्ता को व्यक्तिगत स्वार्थ का साधन नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा का माध्यम बनाया। डॉ. पांडे ने कहा कि स्व. दूबे का मुख्यमंत्री कार्यकाल प्रशासनिक दृढ़ता, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी सोच के लिए आज भी याद किया जाता है। किसानों, मजदूरों और वंचित तबकों के अधिकारों के लिए उनकी निर्भीक आवाज कांग्रेस की वैचारिक पहचान को मजबूत करती है। वर्तमान समय में जब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं, तब उनके विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। सभा में वक्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में पंडित बिंदेश्वरी दूबे की भूमिका, उनके संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे कांग्रेस की वैचारिक चेतना के प्रतीक हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के संजय कुमार दुबे ने किया।

श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नेता त्रिजोगी नारायण मिश्रा, फरीद अहमद, राकेश यादव, अजय यादव, धनवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# प्रखंड स्तरीय टीएलएम और पीबीएल विज्ञान मेला का आयोजन

**केटी न्यूज/रोहतास**

प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय,औरंगाबाद सरैयां परिसर में प्रखण्ड स्तरीय टीएलएम 3.0 पीबीएल विज्ञान मेला का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं उत्कृष्ट व्यवस्था में विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद सिंह की भूमिका सराहनीय रही। मेले में प्रखण्ड अंतर्गत सभी कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर से चयनित प्रतिभागियों ने अपने-अपने टीचिंग लर्निंग मैटेरियल के माध्यम से उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रस्तुत नवाचारी शिक्षण मॉडल एवं प्रोजेक्ट्स ने पीबीएल की अवधारणा को जीवंत करते हुए शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक रोचक, प्रभावशाली और व्यवहारिक बनाने का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक महेन्द्र प्रसाद एवं परिवर्तन विकास सचिव विनोद कुमार सिंह ने निर्णायक मंडली के रूप में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ मूल्यांकन किया। हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत, पर्यावरण एवं उर्दू विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम स्थान हेतु प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी के रूप में प्रधानाध्यापक असलम अंसारी, नन्द किशोर सिंह एवं सुनील सोनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं प्रधान शिक्षक बैकुंठ राम, अजय चरण पाल एवं नवलेश कुमार की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को सशक्त आधार प्रदान किया। कार्यक्रम का सधे हुए एवं प्रभावी संचालन प्रियेश श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर प्रखण्ड के सभी संकुल संचालक एवं समन्वयक उपस्थित रहे। जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ी। समापन सत्र में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि टीएलएम आधारित शिक्षण से पढ़ने-पढ़ाने की प्रक्रिया अधिक रुचिकर एवं परिणामोन्मुखी बनती है। इससे शिक्षक और छात्र-दोनों में सीखने की अभिरुचि विकसित होती है। उन्होंने सभी शिक्षकों से इस नवाचार अभियान को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।




## पतंगोत्सव से लेकर दही-चूड़ा भोज को लेकर आमजनों में दिखी समरसता

# कैमूर जिले में प्रशासनिक पदाधिकारियों ने धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति

**केटी न्यूज/रोहतास**

लोक पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर कैमूर जिले में मकर संक्रांति महोत्सव 2026 का आयोजन कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया।महोत्सव के अंतर्गत पतंग उत्सव,नुक्कड़ नाटक एवं पारंपरिक सामूहिक दही-चूड़ा, तिलकुट भोज जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए,जिनमें प्रशासनिक पदाधिकारियों, स्थानीय व विभिन्न समाचार समूहों के संवाददाताओं,शहर के गणमान्य व्यक्तियों एवं आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता देखने को मिली। मकर संक्रांति



के अवसर पर स्थानीय हवाई अड्डा मैदान,

कैमूर में प्रातः 11:00 बजे पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित स्काउट गाइड के बच्चों एवं आम जनमानस ने उत्साहपूर्वक पतंग उड़ाकर महोत्सव का शुभारंभ किया। मौके पर कलाकारों द्वारा लोकगीतों के माध्यम से मकर संक्रांति के महत्व, इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। जिला अतिथि गृह में आयोजित पारंपरिक दही-चूड़ा एवं तिलकुट के सामूहिक भोज में विभिन्न समाचार समूहों के संवाददाता, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं आम जनमानस ने सहभागिता की। इसके साथ ही जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से भी दही-चूड़ा

एवं तिलकुट भोज का आयोजन किया गया, जिससे पर्व की परंपरा को जन-जन तक पहुँचाया जा सका। महोत्सव के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों द्वारा गीत एवं नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से मकर संक्रांति के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व से लोगों को अवगत कराया गया। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों पर होर्डिंग एवं बैनर लगाकर जिलेवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ दी गईं। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिले के विभिन्न महादलित टोलों, अस्पतालों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जिला प्रशासन की ओर से दही, तिलकुट एवं चूड़ा का वितरण किया गया। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा जरूरतमंद परिवारों, महिलाओं, बच्चों तथा अस्पतालों में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों को पर्व सामग्री प्रदान की गई। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें पर्व की शुभकामनाएँ भी दी गईं। जिला प्रशासन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करना तथा मकर संक्रांति की खुशियाँ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक पहुँचाना है।

जिला पदाधिकारी द्वारा जिलेवासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं।

# तीन बच्चों के साथ मां ने खा लिया जहर, बड़े बेटे की मौत

**एजेंसी। पटना**

दिल को दहला देने वाली घटना बिहार के बक्सर जिले से आ रही है। जहां एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ जहर खा लिया। इस दौरान 5 साल के बेटे की मौत हो गयी जबकि मां और दोनों बच्चे अस्पताल में जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। घटना बक्सर जिला के राजपुर थाना क्षेत्र के रसेन गांव की है, जहां एक 30 वषीर्या महिला रूबी देवी ने अपने ही तीन मासूम बच्चों के साथ जहर खा लिया। बताया जाता है कि घरेलू विवाद के कारण महिला ने इतना बड़ा कदम उठाया है। महिला के पति की पहले ही मौत हो चुकी थी। पति की मौत के बाद उसने अपने देवर से ही दूसरी शादी कर ली थी। रूबी के पिता संजय चौधरी का कहना है कि ससुराल में उसकी बेटी के साथ मारपीट की जाती थी। मंगलवार की रात में भी रूबी को ससुरालवालों ने खूब पिटाई की थी। ससुरालवाले उसे प्रताड़ित किया करते थे। उन्होंने ससुरालवालों पर ही बेटी रूबी और उसके तीन बच्चों को जहर खिलाने का आरोप लगाया। जबकि रूबी की सास का कहना है कि उसकी बहू ने खुद इस घटना को अंजाम दिया है। इसमें हमलोगों का कही कोई हाथ नहीं है। हमारे ऊपर रूबी के पिता जो आरोप लगा रहे हैं, वो गलत और निराधार आरोप है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हैं। वही ग्रामीणों ने बताया कि त्रिलोकी चौधरी के दो बेटे राजकुमार और जितेंद्र में बड़ा बेटा राजकुमार था। जिसकी शादी रोहतास के दिनारा थाना क्षेत्र स्थित सैंसड़ गांव निवासी संजय चौधरी की बेटी रूबी से हुई थी। दोनों से एक बेटा करण हुआ। जिसके बाद राजकुमार की मौत हो गई। राजकुमार के गुजर जाने के बाद दोनों परिवार के लोगों ने रूबी की शादी देवर जीतेन्द्र से करने का फैसला लिया। जिसके बाद जीतेन्द्र की शादी भाभी रूबी से करवा दी गयी। जिसके बाद रूबी ने एक बेटे और एक बेटी को जन्म दिया।

# कोचस : धर्म परिवर्तन के नाम पर लोगों को किया जा रहा गुमराह,लोगो में आक्रोश

**केटी न्यूज/रोहतास**

जिला क्षेत्र के कोचस थाना क्षेत्र में ईसाई प्रचारको द्वारा गंभीर बीमारियों से छुटकारा का हवाला देकर सैकड़ों हिंदू पुरुष व महिलाओं का धड़ल्ले से धर्मांतरण करा ईसाई धर्म में परिवर्तित किया जा रहा हैं, थाना क्षेत्र में इस तरह के हो रही कृत्य से लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिल रही है। इसका खुलासा रविवार को तब हुआ जब दर्जनों की संख्या में कोचस स्थित धर्मावती नदी पुल के समीप आयोजित शिविर में ईसाई धर्म के पास्टर द्वारा बत्तीसमां रस्म पूरी कर हिंदू से ईसाई धर्म में शामिल कराया गया.रौशन कुमार,संतोष कुमार,विशाल कुमार,दशरथ राम आदि ने बताया कि एनएच के सटे धर्मावती नदी के तटबंध पर विगत तीन वर्षों से रविवार और गुरुवार को एक तथाकथित पास्टर द्वारा झाड़-फूंक का कार्य किया जा रहा है.जो प्रभु यीशु के नाम पर गंभीर बीमारियों, भूत प्रेत और शैतान से मुक्ति के साथ



दरिद्रता दूर कर संपन्नता लाने का भरोसा दिला रहा है.इनके झांसा में अनपढ़ तथा भूत प्रेत बाधा जैसे दकियानूसी ख्याल वाले ग्रामीणों को फंसकर धर्मांतरण करा रहे हैं.कई ग्रामीणों ने बताया कि पास्टर द्वारा गांव के भोले-भाले युवकों को लालच देकर महादलित बस्तियों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है,जहां प्रार्थना के नाम पर प्रभु यीशु का गीत उनका वीडियो तथा उनकी महिमा का गुणगान किया जाता है.इसके अलावे ग्रामीणों में किताबें और छोटे-मोटे गिफ्ट का वितरण किया जाता है. कुछ दिनों बाद पूरा कार्यक्रम का आयोजन कर प्रभु यीशु के चमत्कार दिखाए जाते है। उनकी कहानियां सुना कर प्रेरित किया जाता है।

इस कार्य में सरकारी शिक्षक,मनरेगा के पीआरएस और कई पदाधिकारी शामिल है। जिनका अनुसरण करते हुए ग्रामीण ईसाई धर्मावलंबियों से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रविवार को उक्त पास्टर की स्थल पर झाड़-फूंक तथा प्रेत बाधा से मुक्ति दिलाने के लिए सैकड़ो की संख्या में भीड़ लगती है,जहां हिंदू धर्म के देवी देवताओं के प्रति वीभत्सता का प्रयोग करते हुए नीचा दिखाया जाता है.धीरे-धीरे ग्रामीणों की भाषा बदलने लगती है और वे पास्टर की भाषा बोलने लगते हैं। हिंदू धर्म के प्रति नकारात्मक भाव उत्पन्न कर तेज गति से धर्मांतरण का सिलसिला जारी है। रविवार को धर्मावती नदी के पानी में खुले तौर पर दर्जनों परिवारों ने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म में शामिल हो गये।

खुले रूप से हो रहे धर्मांतरण को देख स्थानीय लोगों ने आपत्ति व्यक्त करते हुए पुलिस को सूचना दी थी। इस संबंध में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि नदी किनारे टेंट लगाकर पूजा-पाठ करने की जानकारी मिली है.लेकिन,वहां धर्मांतरण का कार्य किया जा रहा है इसकी जानकारी उन्हें प्राप्त नहीं है।

# जिलाधिकारी उदिता सिंह ने नासरीगंज प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/रोहतास**

जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा नासरीगंज प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा, जन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने कार्यालयों में उपलब्ध व्यवस्थाओं,अभिलेखों के संधारण,लंबित मामलों की स्थिति एवं जन सुविधाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्यालयीय कार्य समयबद्ध,




पारदर्शी एवं जनहित में निष्पादित किए जाएं। साथ ही निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्थानीय नागरिकों एवं आगंतुकों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने नए कार्यालय निर्माण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें नासरीगंज प्रखंड एवं अंचल से जुड़े कार्यों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि सभी सरकारी योजनाएं जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू हों। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा। उन्होंने सभी किसान बंधुओं से अपील की कि द्वितीय चरण में 17 से 21 जनवरी 2026 को अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अवश्य बनवा लें, ताकि विभिन्न सरकारी योजनाओं, सब्सिडी एवं डिजिटल सेवाओं का लाभ समय पर प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि रोहतास जिला में सुशासन एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित किया जा सके।

इस दौरान उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गंगा घाट स्वच्छता अभियान : ऑक्सफोर्ड बिजनेस कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

**एजेंसी। पटना**

ऑक्सफोर्ड बिजनेस कॉलेज के छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए गंगा स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य पवित्र नदी गंगा की स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाना एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। छात्रों ने गंगा तट एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक श्री सुधांशु कुमार ने कहा कि "प्रकृति की रक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि हमारा नैतिक कर्तव्य है। गंगा स्वच्छता जैसे




अभियान छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं और उन्हें समाज के लिए सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा देते हैं। हमारा संस्थान शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक मूल्यों को भी समान महत्व देता है इस सराहनीय पहल की स्थानीय नागरिकों एवं प्रशासन द्वारा प्रशंसा की गई और इसे एक प्रेरणादायक प्रयास बताया गया। ऑक्सफोर्ड बिजनेस कॉलेज भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक एवं पर्यावरणीय अभियानों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देता रहेगा।

## एक नजर

### मकर संक्रांति पर आज पटना आएंगे नितिन नबीन, 16 जनवरी को देंगे दही-चूड़ा का भोज

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन कल पटना आयेंगे। पटना पहुंचने के बाद वो भाजपा नेताओं से मिलेंगे। मकर संक्रांति के अगले दिन 16 जनवरी को नितिन नबीन चूड़ा-दही भोज का आयोजन किया है। नितिन नबीन ने इस भोज में शामिल होने के लिए बिहार के नेताओं को आमंत्रित किया है। वही बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे में बड़े बदलाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन अब औपचारिक रूप से जेपी नड्डा की जगह बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। मकर संक्रांति के बाद चुनाव की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। ऐसी चर्चा है कि नितिन नबीन 19 जनवरी को नोमिनेशन करेंगे। जिसके बाद 20 जनवरी को निर्विरोध ताजपोशी का ऐलान हो सकता है। 46 साल की आयु में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने वाले नितिन नबीन बीजेपी के इतिहास के सबसे युवा अध्यक्षों में से एक होंगे। बिहार से आने वाले नितिन नबीन 5 बार के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और वर्तमान में छत्तीसगढ़ के प्रभारी भी हैं।

### फाइल ट्रांसफर के लिए 30 हजार रिश्वत लेते पोस्टमैन गिरफ्तार,डाक अधीक्षक फरार

**सासाराम ।** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने मंगलवार को सासाराम हेड पोस्ट ऑफिस में तैनात पोस्टमैन श्रीलाल को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह रिश्वत ग्रामीण डाक सेवक बिट्टू कुमार करवार से उसकी ट्रांसफर फाइल जल्दी दिल्ली भेजने के बदले ली जा रही थी। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान पोस्टमैन श्रीलाल ने बताया कि वह यह रकम अपने वरिष्ठ अधिकारी डाक अधीक्षक मारुति नंदन के कहने पर ले रहा था। मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई ने आरोपी श्रीलाल को गिरफ्तार करने के बाद डाक अधीक्षक के घर पर भी छापेमारी की। वहीं डाक अधीक्षक मारुति नंदन अपने आवास से फरार बताए जा रहे हैं।

### शनिवार को सासाराम क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सासाराम ।** सासाराम ग्रिड के 33 केवी मेन बसबार मे अतिआवश्यक मरम्मति कार्य कराने को लेकर ग्रिड से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर 17 जनवरी को दिन के 11 बजे से 15 बजे तक बंद रहेगी। इस अवधि मे विद्युत शक्ति उपकेंद्र अगरेर, शिवसागर, कोनार, नौगाई, टॉल प्लाजा, दरिगांव, एसपी जैन, तकिया व बेदा से निकलने वाले सभी 11 केवी फीडर का विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक कार्यपालक अभियंता रविशंकर कुमार ने बताया की उक्त अवधि मे ग्रिड द्वारा मरम्मति का कार्य किया जायेगा। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे। मरम्मति के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि आवश्यक घरेलू और व्यावसायिक कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस रखरखाव कार्य का उद्देश्य लाइन व उपकरणों की कार्य क्षमता को दुरुस्त रखना है ताकि निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### शराब तस्कर शराब के साथ गिरफ्तार

**काराकाट ।** थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पड़रिया गांव निवासी जितेंद्र प्रसाद के पुत्र संटू कुमार को एक लीटर देसी महुआ शराब के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया। जो गुप्त सूचना के आधार पर गश्ती टीम को अलर्ट किया गया। उसके बाद पुलिस ने संटू कुमार को मौके पर दबोच लिया। पूछताछ में उसके पास महज एक लीटर महुआ शराब ही बरामद हुई। थाना अध्यक्ष ने कहा कि आरोपी के खिलाफ जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जेल भेज दिया गया। विवेक कुमार ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि शराब सेवन, तस्करी या बिक्री जैसे अपराधों पर नियंत्रण के लिए अभियान तेज कर दिया गया है। अपराधियों के खिलाफ छापेमारी बढ़ा दी गई है। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या गड़बड़ी की सूचना तुरंत पुलिस को दें, कार्रवाई निश्चित होगी। यह कार्रवाई शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रोहतास जिले में पुलिस लगातार ऐसे अभियानों को चला रही है, ताकि अवैध शराब का कारोबार पूरी तरह थम जाए। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है। आगे भी ऐसी सतर्कता बरती जाएगी।

### पिकअप ने ट्रक में मारी टक्कर चालक की मौत, एक अन्य घायल

**कोचस।** परसथुआ थाना क्षेत्र के शेख बहुअरा गांव के समीप राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर एक पिक-अप दुर्घटना ग्रस्त होने से एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इस संबंध में परसथुआ थानाध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि अहले सुबह एक सब्जी लदा पिकअप कोचस के तरफ जा रहा था कि शेख बहुअरा गांव के पास पिकअप एक ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी बेजोड़ थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए। जिसमें दबकर युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की तहकीकात की व शव को वाहन से निकाल थाना ले आयी।जिसकी पहचान अरमान हाशमी उम्र करीब 18 वर्ष पिता शमीम हाशमी ग्राम व थाना कोचस जिला रोहतास के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर

# गया बिपार्ड को मिली बड़ी जिम्मेदारी, मगध प्रमंडल में भूमि अधिग्रहण के लिए एसआईए का मिला काम



**एजेंसी। पटना**

भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और न्यायसंगत बनाने की दिशा में बिहार सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। मगध प्रमंडल में अब किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से पूर्व सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) का कार्य बिहार प्रशासनिक सुधार प्रशिक्षण संस्थान (बिपार्ड), गया द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए राज्यपाल की स्वीकृति से अधिसूचना जारी कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मगध प्रमंडल में सामाजिक प्रभाव आकलन का दायित्व बिपार्ड, गया को सौंपे जाने से प्रभावित परिवारों एवं स्थानीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का अधिक वैज्ञानिक और निष्पक्ष मूल्यांकन संभव हो सकेगा। इससे भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन से जुड़े निर्णय और अधिक न्यायसंगत, समयबद्ध और लोकहितकारी बनेंगे। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियमझ्र2013 के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत मगध प्रमंडल अंतर्गत जिलों में किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों में सामाजिक प्रभाव आकलन (रङ्क्ष' केस्त्र्३ अ२२ी२२ैल्ल३ झ रक्अ) का कार्य अब बिहार प्रशासनिक सुधार प्रशिक्षण संस्थान (बिपार्ड), गया द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई है, जिसे राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त है। अधिसूचना के अनुसार यह व्यवस्था अधिनियम की धाराझ्र4 के प्रावधानों के अंतर्गत की गई है, ताकि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में प्रभावित परिवारों एवं स्थानीय समुदायों पर पड़ने वाले सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों का समुचित आकलन सुनिश्चित किया जा सके। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सी. के. अनिल द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पूर्व में एल.एन. मिश्रा आर्थिक अध्ययन एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, ए.एन. सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान, चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, आद्री तथा विकास प्रबंधन संस्थान को सामाजिक प्रभाव आकलन इकाई के रूप में अधिसूचित किया गया था। अब लोकहित में मगध प्रमंडल के लिए बिपार्ड, गया को भी इस सूची में सम्मिलित किया गया है। गौरतलब है कि जुलाई 2025 में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में सभी अधिसूचित एसआईए इकाइयों के साथ एक विस्तृत समीक्षा बैठक हुई थी। इस बैठक में सामाजिक प्रभाव आकलन कार्य को मानक प्रक्रिया के तहत समयबद्ध ढंग से पूरा करने, भूमि के रकबे के आधार पर एसआईए शुल्क निर्धारण, जिलावार एजेंसी आवंटन तथा एसआईए रिपोर्ट की समय-सीमा तय करने पर सहमति बनी थी।

# मुख्य सचिव ने की BIRSAC के कार्यों की समीक्षा, विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारी रहे मौजूद

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आज बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर (BIRSAC) द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव एवं सचिव उपस्थित रहे। बैठक में विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से इक्र्रअउ की वर्तमान गतिविधियों की जानकारी दी गई। बताया गया कि इक्र्रअउ राज्य में प्राकृतिक संसाधनों एवं विभागीय परिसंपत्तियों का जियो-स्पैशियल इन्वेंट्री निर्माण, राज्य स्तरीय योजना एवं विकास कार्यों के लिए स्पैशियल डेटा उपलब्ध कराने, आपदा निगरानी एवं प्रबंधन तथा ग्राम स्तर पर जियो-स्पैशियल डेटाबेस के निर्माण जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।




समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने सभी विभागों को इक्र्रअउ की जियो-स्पैशियल सेवाओं का व्यवस्थित एवं व्यापक उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस क्रम में राज्य सरकार की इक्र्रअउ जियो-स्पैशियल सेवा उपयोग नीति की जानकारी दी गई, जिसके तहत 50 करोड़ अथवा उससे अधिक लागत की अवसंरचना परियोजनाओं के उद्धफ में जियो-स्पैशियल एनालिटिक्स को अनिवार्य ऐड-ऑन के रूप में शामिल किया गया है, जिसके अंतर्गत संबंधित विभाग द्वारा इक्र्रअउ की सेवाओं के उपयोग हेतु कुल परियोजना लागत का मात्र 0.25 प्रतिशत शुल्क देय होगा; यह न्यूनतम शुल्क संस्थान की वित्तीय क्षमता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाले बिना पूरी व्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाएगा। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा इक्र्रअउ की जियो-स्पैशियल क्षमताओं को राज्य की अवसंरचना योजना प्रक्रिया से औपचारिक रूप से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में अवसंरचना विकास को वैज्ञानिक, डेटा-आधारित एवं भविष्य उन्मुख बनाने के लिए इक्र्रअउ की सेवाओं का उपयोग अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि आवश्यक है। सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि योजना निर्माण के स्तर पर ही जियो-स्पैशियल इनपुट को सम्मिलित किया जाए, ताकि बाद के चरणों में तकनीकी, प्रशासनिक एवं भूमि संबंधी बाधाओं से बचा जा सके। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा स्पष्ट किया गया कि अब 50 करोड़ से अधिक लागत की सभी अवसंरचना परियोजनाओं के उद्धफ को वित्तीय स्वीकृति दिए जाने से पूर्व इक्र्रअउ से तकनीकी अनुमोदन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। सभी विभागों को इस व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया। बैठक में विभागीय सचिव द्वारा बताया गया कि भास्कराचार्य अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान (इक्रअक्रठ) के सहयोग से अवसंरचना परियोजनाओं के लिए उद्धफ निर्माण हेतु एक डिजिटल टूल विकसित किया जा रहा है। यह टूल ढट गति शक्ति पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न विभागीय डेटा का उपयोग कर परियोजनाओं की योजना, अलाइनमेंट एवं आकलन में सहायता करेगा और उद्धफ निर्माण को अधिक सटीक बनाएगा। उपस्थित विभागों ने सहमति व्यक्त की कि इस व्यवस्था से कार्यों की पुनरावृत्ति पर रोक लगेगी, लागत में बचत होगी तथा सड़कों के अलाइनमेंट जैसे मामलों में भूमि, वन, क्रॉस-ड्रेनेज जैसी संभावित बाधाओं की पहचान प्रारंभिक चरण में ही संभव हो सकेगी। यह प्रणाली आपदा प्रबंधन एवं पराली जलाने जैसी गतिविधियों की निगरानी में भी सहायक होगी। इस व्यवस्था का लाभ सभी विभागों द्वारा आवश्कता अनुसार उठाया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने सभी विभागों को पोर्टल पर कार्यों की प्रगति से संबंधित अद्यतन जानकारी नियमित रूप से उपलब्ध कराने तथा अंतर-विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने इक्र्रअउ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए संस्थान को तकनीकी एवं मानव संसाधन के स्तर पर और सशक्त बनाने पर बल दिया।

## एक नजर

### मोतिहारी में अवैध लॉटरी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 7 कारोबारी गिरफ्तार



**मोतिहारी।** मोतिहारी में लंबे समय से अवैध लॉटरी का खेल लगातार जारी था, जिसमें छोटे-बड़े कई सफेदपोश लोगों की संलिप्तता की चर्चा सामने आती रही है। इसी कड़ी में इस बार मोतिहारी नगर थाना पुलिस ने अवैध लॉटरी कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कई लॉटरी कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। नगर थाना क्षेत्र के हेनरी बाजार में की गई इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने लॉटरी के धंधे से जुड़े 7 लोगों को भारी मात्रा में लॉटरी टिकट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध लॉटरी कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ दिलीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मोतिहारी में अवैध लॉटरी के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लॉटरी के अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस अवैध धंधे से जुड़े कुछ अन्य लोगों की पहचान कर ली गई है, जिनके खिलाफ भी जल्द ही पुलिस कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में किसी भी तरह के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में आगे भी सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

### अनियंत्रित बाइक के पलटने से दो युवकों की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**खगड़िया।** बिहार में रफ्तार का कहर जारी है। खगड़िया में रफ्तार ने दो युवकों की जान ले ली। अनियंत्रित बाइक के पलटने से दो युवक बुरी तरह घायल हो गये। एक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरे की मौत गोगरी रेफरल अस्पताल जाने के दौरान रास्ते में हो गयी। घटना खगड़िया जिले के पसराहा थाना इलाके के कोरचक्का की है। जहां मंगलवार की रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। परिजनों की माने तो 19 साल का प्रशांत और 25 साल का सुमित दास बाइक पर सवार होकर भरतखण्ड से अपने गांव गनौल जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बाइक पलट गई। दोनों मृतक भागलपुर जिले के भवानीपुर थाना इलाके के दो अलग-अलग गांवों का रहने वाला था। इस घटना से परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वही गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

### डाकघर में भ्रष्टाचार का खेल उजागर, ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत लेते पोस्टमैन गिरफ्तार

**सासाराम।** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने मंगलवार को सासाराम हेड पोस्ट ऑफिस में बड़ी कार्रवाई की। सीबीआई ने यहां तैनात पोस्टमैन श्रीलाल को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह रिश्वत ग्रामीण डाक सेवक बिट्टू कुमार करवार से उसकी ट्रांसफर फाइल जल्दी दिल्ली भेजने के बदले ली जा रही थी। इस कार्रवाई के बाद पोस्ट ऑफिस के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान पोस्टमैन श्रीलाल ने बताया कि वह यह रकम अपने वरिष्ठ अधिकारी डाक अधीक्षक मारुति नंदन के कहने पर ले रहा था। वहीं शिकायतकर्ता बिट्टू कुमार करवार ने बताया कि वह रोहतास प्रमंडल में ग्रामीण डाक सेवक (ऋक्र) के पद पर कार्यरत थे। प्रमोशन के बाद 29 नवंबर 2025 को भभुआ सब डिवीजन से उन्हें विरमित किया गया था, लेकिन इसकी प्रति उन्हें 30 दिसंबर 2025 को मिली। बिट्टू कुमार ने बताया कि वह 31 दिसंबर को दिल्ली में योगदान देने पहुंचे, लेकिन वहां पता चला कि उनकी फाइल रोहतास डिवीजन से भेजी ही नहीं गई है। इसी कारण अधिकारियों ने उन्हें वापस लौटा दिया।

# पटना में चाय और सिगरेट विवाद बना मौत की वजह, छात्र की दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या

**एजेंसी। पटना**

सम्राट चौधरी जब बिहार के गृह मंत्री बने थे, तब यह चर्चा होने लगी थी कि बिहार में अब आपराधिक वारदातें कम होगी लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। बिहार में अपराधियों का मनोबल आज भी सातवें आसमान पर है। ताजा मामला राजधानी पटना का है जहां चाय और सिगरेट के लिए दिनदहाड़े एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गयी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पटना में अपराधियों ने दिनदहाड़े बीच सड़क एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। कंकड़बाग थाना क्षेत्र के लोहियानगर इलाके में नेक्टर हॉस्पिटल के पास 22 वर्षीय गौरव कुमार की गला रेतकर और चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गौरव के रूप में हुई है जो बीए पार्ट-1 का



छात्र था। बदमाशों ने पहले गौरव को सड़क पर दौड़ाया, फिर उसे जमीन पर पटक दिया और इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सरेआम हुई इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गौरव मूल रूप से लखीसराय जिले के बड़हिया थाना क्षेत्र के रामनगर हदनबिगहा गांव का रहने वाला था। उसके पिता पटना में कारोबार करते हैं और गौरव कुछ समय पहले ही गांव से पटना आया हुआ था। मृतक के भाई सौरव ने बताया कि मंगलवार की शाम टक्क्र पार्क में गौरव ने एक युवक को चाय-सिगरेट लाने के लिए 200 रुपये दिए थे। युवक द्वारा रुपये नहीं लौटाने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर कुछ लड़कों ने गौरव को घेरकर पीटना शुरू कर दिया। मारपीट के बाद गौरव लोहियानगर स्थित रानी स्टील शटर की दुकान पर आया और घटना की जानकारी अपने भाई को दी। परिजनों ने उसका इलाज कराया, लेकिन कुछ

# आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, मानव तस्करी का पदार्फाश, 9 नाबालिगों को छुड़ाया गया

**एजेंसी। पटना**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और जीआरपी आरा ने मानव तस्करी के एक बड़े मामले का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में 9 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बचाया गया और दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में बचपन बचाओ संस्था के स्टाफ का सहयोग भी शामिल रहा। दानापुर मंडल के आरपीएफ पोस्ट आरा ने ऑपरेशन आहट के तहत मानव तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की। समय रहते की गई इस कार्रवाई में 9 नाबालिग बच्चों को बाल श्रम में धकेलने की साजिश से बचा लिया गया। सभी बच्चों को सुरक्षित रूप से रेल चाइल्ड लाइन भोजपुर को सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में जीआरपी आरा में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरपीएफ आरा ने वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, दानापुर के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के निर्मल कुमार और पीरो थाना क्षेत्र के पंचरुखिया गांव के निवासी पल्लू राम शामिल हैं। जांच में पता चला कि दोनों तस्कर 9 नाबालिग बच्चों को बहला-फुसलाकर आरा से सिकंदराबाद ले जा रहे थे। बच्चों को सिकंदराबाद स्थित एक चॉकलेट फैक्ट्री में काम पर लगाने की योजना थी। तलाशी के दौरान दोनों अभियुक्तों के पास से आरा से सिकंदराबाद तक के पांच सामान्य रेल यात्रा टिकट, नकद राशि और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि सभी नाबालिग बच्चों को अग्रिम प्रलोभन के तौर पर 500-500 रुपये दिए गए थे। इस कार्रवाई से मानव तस्करी के खिलाफ आरपीएफ और जीआरपी की सक्रियता और प्रभावी निगरानी सामने आई है।

# जमुई में 50 लाख की डकैती का खुलासा : 5 आरोपी गिरफ्तार, 45 लाख से अधिक कैश भी बरामद

**एजेंसी। पटना**

जमुई जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर जमुई पुलिस को लगातार बड़ी सफलताएं मिल रही हैं। पुलिस अधीक्षक, जमुई के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन वाहन जांच और रोको-टोको अभियान के तहत एक ओर जहां मलयपुर डकैती कांड का सफल उद्भेदन किया गया है, वहीं दूसरी ओर जमुई टाउन थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है।मलयपुर डकैती कांड को लेकर जमुई एसपी विश्वजीत दयाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 09 जनवरी 2026 की रात आंजन पुल के पास हथियार के बल पर करीब 50 लाख नकद की डकैती की गई थी। इस मामले में मलयपुर थाना कांड संख्या 04/2026 दर्ज कर एसडीपीओ जमुई के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने इस कांड का सफल उद्भेदन करते हुए



कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 45 लाख से अधिक नकद, घटना में प्रयुक्त 2 बाइक, एक पिस्टल एवं जिंदा गोली बरामद की है।वहीं, इसी क्रम में जमुई टाउन थाना पुलिस ने अपराध निरोधी अभियान के दौरान संदेह के आधार पर दो युवकों को रोका। तलाशी के दौरान उनके पास से एक अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राहुल दुबे और दिवेश कुमार, दोनों निवासी ग्राम बिठलपुर, थाना जमुई के रूप में की गई है। एसपी ने बताया कि दिवेश कुमार का पूर्व आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आयुध अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसपी विश्वजीत दयाल ने कहा कि जिले में अपराध के हॉटस्पॉट और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की पैनी नजर है और अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# बिहार : मौसम विभाग ने 15 जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट किया जारी

**एजेंसी। पटना**

बिहार में फिलहाल ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने आज राज्य के 15 जिलों के लिए कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 18 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है, जिसके बाद 20 जनवरी से ठंड में और बढ़ोतरी हो सकती है। पश्चिम और उत्तर-पश्चिम बिहार के कुछ इलाकों में बारिश की भी संभावना जताई गई है। इस समय राज्य के 18 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। बीते 24 घंटों में भागलपुर के सबौर में सबसे कम 5.9 डिग्री तापमान



रिकॉर्ड किया गया। पटना समेत पूरे बिहार में सुबह के समय घना कुहासा छाया रहा, जबकि दिन चढ़ने के साथ तेज धूप निकल आई। धूप के कारण लोगों को दिन में ठंड से कुछ राहत जरूर मिली। ठंड के प्रभाव को देखते हुए पटना में स्कूलों के संचालन को लेकर आदेश जारी किया गया है। जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने ठंड में कमी के बाद कक्षा 1 से 12वीं तक की कक्षाओं को सुबह 9 बजे से संचालित करने की अनुमति दी है। वहीं, कक्षा 1 से नीचे की नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी की कक्षाएं 16 जनवरी तक बंद रहेंगी। इस आदेश में प्री-स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र भी शामिल हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ का असर फिलहाल कमजोर पड़ा है। हवा की गति कम और वातावरण में नमी अधिक होने के कारण सुबह के समय कोहरा बन रहा है। दिन में आसमान साफ रहने से धूप निकल रही है, जिससे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। यही वजह है कि दिन में हल्की गर्मी महसूस हो रही है, जबकि सुबह और रात में ठंड बनी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2 से 3 दिनों तक बिहार में मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। सुबह घना कोहरा और दिन में तेज धूप देखने को मिलेगी। न्यूनतम तापमान में बहुत अधिक गिरावट की संभावना नहीं है, लेकिन सुबह और शाम की ठंड से पूरी तरह राहत नहीं मिलेगी। राजधानी पटना में भी अधिकतम तापमान करीब 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान लगभग 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास बने रहने की संभावना है।

# पटना में किशोरी ने की खुदकुशी, किराए के मकान में परिवार के साथ रहती थी

**एजेंसी। पटना**

पटना जिले के बिहटा नगर परिषद क्षेत्र में कृष्णा नगर स्थित एक किराए के मकान में 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। मृतक किशोरी की पहचान सृष्टि कुमारी के रूप में हुई है। घटना के समय वह अपनी मां और भाई-बहनों के साथ मकान में रह रही थी। घटना की जानकारी मृतक की मां को तब हुई जब उन्होंने कमरा खोला और अपनी बेटी को फंदे से लटका हुआ पाया। उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक किशोरी की मौत हो चुकी थी।स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और डायल 112 की टीम ने स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद एफएसएल की टीम भी बुला कर घटनास्थल पर जांच शुरू कर दी।परिवार मूल रूप से भोजपुर का रहने वाला है और पिछले डेढ़ महीने से बिहटा में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस ने मृतका का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका और उसके परिवार के सदस्यों के रोने-बिलखने की आवाज सुनकर वे मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।